मेरी दादी दौड़ी आएगी | By Karishma Chawla

मुझको भरोसा है लाज नहीं जायेगी
जब भी बुलाऊंगी मेरी दादी दौड़ी आएगी

जीवन में जब भी आयी तकलीफ की घडी है
देखा है साथ मेरे मेरी दादी जी खड़ी हैं
पहले भी निभाया था आज भी निभाएगी
जब भी बुलाऊंगी मेरी दादी दौड़ी आएगी

मुझको फिकर क्या मुझपे विपदा जो कोई आये
एक बूँद भी पलक से आंसू निकल जो जाए
आंसू मेरे पोंछेगी गले से लगाएगी
जब भी बुलाऊंगी मेरी दादी दौड़ी आएगी

गैरो की भी बनाती बिगड़ी है माँ हमेशा
मेरी तो है कुलदेवी क्यूँ ना करू भरोसा
सोनू कहे जन्मो तक प्यार ये लुटाएगी
जब भी बुलाऊंगी मेरी दादी दौड़ी आएगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%8c%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a5%80-by-karishma-chawla/